दिनांक– 11 / 08 / 2024 समयः 2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–फसल जारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च पैदावार, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त वाली फसलों की 109 किस्में जारी की। ये किस्में 61 फसलों की हैं जिनमें 34 खेती तथा 27 बागवानी फसलें हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज शामिल हैं।

बाद में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से कहा कि आज किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है जब 65 फसलों की 109 किस्में जारी की गई हैं।

....

प्रधानमंत्री–राष्ट्रपति पुरस्कार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को तिमोर लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कॉलर ऑफ़ ऑर्डर ऑफ़ तिमोर–लेस्ते से सम्मानित किये जाने पर असीम गर्व व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लिए यह गौरव का क्षण है कि भारत की राष्ट्रपति को तिमोर लेस्ते का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया गया है। श्री मोदी ने कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान भारत और तिमोर लेस्ते के मजबूत संबंधों और आपसी सम्मान का प्रतीक है।

....

हर घर तिरंगा

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा कल सुबह राज्य स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के सुभाष नगर खेल मैदान से इसका शुभारंभ करेंगे। राज्य स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओलम्पियन विवेक सागर और ऐश्वर्य प्रताप सिंह सहभागिता करेंगें। इस तिरंगा यात्रा में लगभग 5000 खिलाड़ी और स्कूली बच्चे प्रतिभागिता करेंगें। कार्यक्रम में पुलिस बैंड, साइकिल ग्रुप और स्केटर्स भी शामिल होंगें। हर घर तिरंगा अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवार जनों को तिरंगा यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व सम्मानित किया जाएगा।

....

नीट–पीजी–परीक्षा

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट– पीजी 2024 की परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड कंप्यूटर आधारित इस परीक्षा को दो पारियों में संपन्न करा रहा है। इस प्रवेश परीक्षा में दो लाख से अधिक छात्र बैठ रहे हैं। यह परीक्षा जून में अपने निर्धारित समय से एक दिन पहले टाल दी गई थी। यह निर्णय परीक्षाओं की शुचिता पर आरोपों के कारण लिया गया था।

....

राजनाथ–सेना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग में आतंकवाद विरोधी अभियान में सेना के दो जवानों के जान गंवाने पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री सिंह ने साहसी और निर्भीक जवानों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है और कहा है कि दुःख की इस घडी में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खडा है।

....

मोदी–धनखड–नटवर सिंह

उप राष्ट्रीपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उपराष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री सिंह ने विदेश मंत्री के तौर पर तथा अन्य पदों पर राष्ट्र की सेवा की। श्री धनखड ने कहा कि श्री नटवर सिंह एक अच्छे लेखक थे और उन्हें उनके योगदान के लिए याद रखा जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि श्री सिंह ने विदेश

नीति और वैश्विक कूटनीति में समृद्ध योगदान दिया। श्री सिंह को उनके विवेक और लेखन के लिए जाना जाता है।

....

बारिष/मौसम

मौसम विभाग ने आज जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी सहित कुछ जिलों में अनेक स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली और ग्वालियर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

....

महिला क्रिकेट

महिला क्रिकेट टी–20 श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिस्बेशन के एलन बोर्डर मैदान में भारत को सात विकेट से पराजित करते हुए श्रृंखला तीन–शून्य से जीत ली है। पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पांच रन से जीत दर्ज की थी। दूसरा मैच आठ विकेट से जीता था। टी–20 श्रृंखला के बाद दोनों टीम इस माह की 14 तारीख से मैके में शुरू हो रहे अंतर्राष्ट्री य एक दिवसीय–तीन मैचों की श्रृंखला में भिडेंगी।

....